समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# सलमान खान परिवार की करीबी कुमुद राणे का निधन : कैसंर से जंग हारने के बाद भावुक हुए भाईजान, पूरे खान परिवार ने दी अंतिम विदाई

Sanket Morankar
Published on 10 Jun 2026



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और उनके परिवार की करीबी मित्र कुमुद राणे के निधन से खान परिवार शोक में डूब गया है। लंबे समय से कैंसर से जूझ रही कुमुद राणे ने 9 जून को अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सामने आते ही फिल्म इंडस्ट्री और खान परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

कुमुद राणे को अंतिम विदाई देने के लिए सलमान खान स्वयं पहुंचे। इस दौरान वे काफी भावुक नजर आए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में सलमान खान के साथ उनकी मां सलमा खान, हेलन, भाई सोहेल खान, अरबाज खान, बहन अर्पिता खान शर्मा तथा परिवार के अन्य सदस्य भी दिखाई दिए। सभी के चेहरों पर गहरा दुख साफ नजर आ रहा था।

कौन थीं कुमुद राणे ?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुमुद राणे एक सफल उद्यमी थीं और दुबई स्थित 'रेन ब्यूटी बार' की संस्थापक थीं। ब्यूटी और वेलनेस इंडस्ट्री में उनके योगदान को लेकर उन्हें कई बार सम्मानित किया जा चुका था। उनका खान परिवार के साथ वर्षों पुराना और बेहद करीबी रिश्ता था।

कुमुद राणे का बॉलीवुड जगत के कई सितारों के साथ भी अच्छा संबंध था। उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर सलमान खान, मलाइका अरोड़ा, बॉबी देओल समेत कई प्रमुख हस्तियों के साथ तस्वीरें मौजूद हैं, जो उनके व्यापक सामाजिक और पेशेवर नेटवर्क को दर्शाती हैं।

सोहेल खान ने लिखा भावुक संदेश

कुमुद राणे के निधन के बाद सोहेल खान ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा की। उन्होंने लिखा कि उन्होंने अपनी प्यारी बहन को खो दिया है और उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। सोहेल ने कहा कि कुमुद उनके परिवार का अहम हिस्सा थीं और

उनकी कमी हमेशा महसूस होगी।

उन्होंने ईश्वर से कुमुद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि वह हमेशा परिवार की यादों में जीवित रहेंगी।

अर्पिता खान ने भी दी श्रद्धांजलि

सलमान खान की बहन अर्पिता खान शर्मा ने भी कुमुद राणे को याद करते हुए एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा कि कुमुद का स्नेह, प्यार और उनके साथ बिताए गए पल हमेशा याद रहेंगे। अर्पिता ने कहा कि परिवार उन्हें बेहद प्यार करता था और उनकी यादें हमेशा दिलों में जिंदा रहेंगी।

बॉलीवुड जगत ने भी जताया शोक

कुमुद राणे के निधन पर केवल खान परिवार ही नहीं, बल्कि फिल्म जगत की कई हस्तियों ने भी दुख व्यक्त किया है। अभिनेत्री बीना काक समेत कई कलाकारों ने सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साथ बिताए पलों को याद किया।

कुमुद राणे का निधन उनके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनके व्यक्तित्व, स्नेह और रिश्तों को निभाने की शैली को लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.